दोहे - रहीम

निम्नलिखित काव्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए

1. दीरघ दोहा अरथ के, आखर थोरे आहिं।
ज्यों रहीम नट कुंडली, सिमिटि कूदी चढ़ि जाहिं।।
धनि रहीम जल पंक को लघु जिय पिअत अघाय।
उदधि बड़ाई कौन है, जगत पिआसो जाय।।

1. दोहे की क्या विशेषता होती है?
क) उसमें छोटे अक्षर होते हैं
ख) उसमें अक्षर कम होते हैं
ग) उसका अर्थ गंभीरता लिए होता है
घ) उसका अर्थ बहुत आसान होता है
उत्तर :

2. एकदम से ऊपर कौन व कैसे चढ़ जाता है?
क) नट कुंडली विद्या में कुशल होने के कारण
ख) कुंडली नट विद्या में कुशल होने के कारण
ग) नट कूदकर चढ़ जाता है
घ) नट कुंडली से चढ़ता है
उत्तर :

3. रहीम ने किस जल को उपयोगी कहा है?
क) नदी के जल को
ख) कीचड़ के जल को
ग) कुएँ के जल को
घ) सरोवर के जल को
उत्तर :

Assignment 2

4. समुद्र का जल व्यर्थ क्यों है ?
क) उसमें ज्वार-भाटा आता है
ख) वह खारा होता है
ग) वह विशाल जलराशि का भंडार होता है
घ) सामान्यतः वह आबादी से दूर होता है
उत्तर :

5. 'उदधि' पर्यायवाची है -
क) नदी का
ख) समुद्र का
ग) कीचड़ का
घ) सरोवर का

[2] रहिमन देखि बड़ेन को, लघु न दीजिये डारि।
जहाँ काम आवे सुई, कहा करे तरवारि।।
रहिमन निज संपत्ति बिना, कोउ न बिपति सहाय।
बिनु पानी ज्यों जलज को, नहिं रवि सके बचाय।।

1. प्रथम दोहे का भाव है -
क) बड़ी वस्तु अधिक उपयोगी है
ख) छोटी वस्तु अधिक महत्वपूर्ण है
ग) प्रत्येक वस्तु का अपना महत्तव है
घ) छोटी वस्तु को सँभालकर रखना चाहिए, ताकि वह खो न जाए
उत्तर :

2. 'तरवारि' का प्रचलित रूप लिखिए।
क) तलवार
ख) तरवार
ग) तलवारि

Assignment 2

~~5. 'नरेश' के पर्यायवाची हैं —~~
~~(क) सम्राट, इन्दु~~ ~~(ख) नृप, राजा~~
~~(ग) राजा, जनक~~ ~~(घ) भूप, सुरेश~~

3. 'जलज' की अपनी धरोहर कौन-सी है?
क) सूर्य
ख) पानी
ग) कमलनाल
घ) पंखुड़ियाँ
उत्तर:

4. संकटकाल में व्यक्ति का सहायक होता है -
क) सच्चा मित्र
ख) अपनी संपत्ति
ग) अपने परिवार के सदस्य
घ) सभ्य समाज
उत्तर:

5. 'जलज' में पर्यायवाची है -
क) जलद, नीरज
ख) वारिज, पंकज
ग) पयोधर, अंबुज
घ) अलि, अरविंद
उत्तर: